# 7 समय समय की बात

0326CH07

यह कहानी समय के गोलमाल की है।



जैसे ही सूरज डूबा ______________ सुमना जागी। क्या शानदार शाम ____________________ है! उसने दो घंटे ______________ में तेज़ी से अपना चेहरा साफ़ किया और बाहर निकल पड़ी। वह पिछले कुछ महीनों ______________ से अंडों को देख रही थी। वह चिड़िया के बच्चों के बाहर आने का इंतज़ार कर रही थी। पर पलक झपकने से पहले ही एक हफ़्ते ______________ में एक बिल्ली पेड़ पर कूदी। चिड़ियों की माँ ज़ोर से चिल्लाई और सुमना दौड़ी ताकि बिल्ली को भगा सके। जैसे ही बिल्ली कूदी वह एक बड़े आम से टकराई। **धम!...**

**धम!**

दो दिन ________________ में वह ज़मीन पर आ गिरा! ओह हो ये तो गलत हुआ! अभी तो ये पूरा पका भी नहीं था। इसे पक कर मीठा होने में बस एक साल _________________ और लगता। अचानक सुमना की बहन ने उसे बुलाया – क्या तुम्हें अभी तक भूख नहीं लगी? क्या तुम्हारे पेट की घड़ी बंद हो गई है? आओ रात के खाने _______________ में गरम-गरम उपमा खाएँ।

© NCERT not to be republished

है न मज़ेदार? तुमने समझ लिया होगा कि कहानी में रंगीन शब्द गलत थे। उनकी जगह नीचे दिए गए बॉक्स से सही शब्दों को चुनो और गलत शब्दों के आगे खाली जगह में भरो।

| | | | |
|---|---|---|---|
| दिनों | उगा | सेकेंड | सुबह |
| नाश्ते | पल | मिनट | हफ़्ता |

**इसमें कितना समय लगेगा?**

क्या तुमने किसी को स्वेटर बुनते हुए देखा है? या किसी को कपड़ा बुनते हुए? कभी किसी कुम्हार से यह जानने की कोशिश करो कि एक बर्तन बनाने में कितना समय लगता है। यह भी बताओ कि तुम्हें नहाने में घंटों लगते हैं या कुछ मिनट! (कहीं तुम्हें नहाए हुए साल तो नहीं गुज़र गए? ही, ही....)



उन अलग-अलग कामों के बारे में सोचो जिसमें अलग-अलग समय लगता है। तालिका को जितना लंबा बना सकते हो बनाओ।

| *मिनटों में होने वाला काम* | *घंटों में होने वाला काम* | *दिनों में होने वाला काम* |
|---|---|---|
| नहाना | कमीज़ की सिलाई | स्वेटर बुनना |
| दूध उबालना | दही जमना | साड़ी बुनना |
| | एक दिन का स्कूल | केले का पकना |
| | | |
| | | |
| | | |
| | | |
| | | |



© NCERT not to be republished

ऐसे और काम सोचो, कुछ जल्दी होने वाले, कुछ धीरे-धीरे होने वाले।

सेकेंडों में होने वाले

मेरा पलक झपकना    मेरा चुटकी बजाना    मेरा दवाई निगलना



फल का पेड़ से नीचे गिरना

| *महीनों में होने वाले* |
| --- |
| गेहूँ की फ़सल का बढ़ना (बीज से बड़े पौधे तक) |
| गर्मी से सर्दी का मौसम आना |
| छोटू का अपनी माँ के पेट से बाहर आना |
| |








© NCERT not to be republished

## कितनी तालियाँ : लपकने से पहले

### *इस खेल को खेलो*

हवा में पत्थर फेंको। इसे लपकने से पहले एक बार ताली बजाओ।

अब लपकने से पहले 2 बार ताली बजाओ।

उसके बाद ताली और बढ़ाते जाओ। पत्थर को पकड़ने से पहले तुम कितनी बार ताली बजा सकते हो?



### *ता थई – अलग तरह से बजाओ*

2 बार ताली बजाओ और कहो 1, 2

ताली बजाओ और बोलो 1 2, 1 2, 1 2.....

या कहो *ता थई, ता थई, ता थई,* ........

अब अपना पैर भी ज़मीन पर पटको और बोलो बायाँ दायाँ, बायाँ दायाँ, बायाँ दायाँ, ...

अब तीन ताल में ताली बजाओ 1 2 3, 1 2 3, 1 2 3, ......

बोलो: *ता थई तत, ता थई तत, ता थई तत,* .....

क्या तुम अपना पैर ऐसे पटक सकते हो बायाँ दायाँ बायाँ, बायाँ दायाँ बायाँ, बायाँ दायाँ बायाँ, ....

तुममें से कितने बच्चे ताली के साथ बोलते हुए पैर भी पटक सकते हैं?




### पता लगाओ

क्या तुमने लोगों को तबला या ढोल बजाते हुए सुना है? पता लगाओ कि वे किस-किस तरह के ताल बजाते हैं। यह भी पूछो कि इन तालों में वे कौन-से बोल कहते हैं।

© NCERT not to be republished

## हम कितने बड़े हैं?

अपनी नानी, अपनी माँ और अपनी उम्र का पता लगाओ और खाली स्थान भरो –




### पहेली

इरफ़ान की माँ उससे दुगुनी उम्र की है।
वह उससे 20 साल बड़ी भी है।
इरफ़ान और उसकी माँ की उम्र का अंदाज़ा लगाओ।






© NCERT not to be republished

2019-2020

## जन्म प्रमाणपत्र

बिन्सी का जन्म प्रमाणपत्र देखो।

फ़ार्म न. 5

केरला सरकार

**जन्म प्रमाणपत्र**

यह प्रमाणित किया जाता है कि यह सूचना जन्म के मूल रिकार्ड से ली गई है, जो कि वर्ष २००२ के कोट्टायम पंचायत के रजिस्टर में दर्ज है।

| | |
|---|---|
| नाम : | बिन्सी थॉमस जेकब |
| लिंग : | स्त्री |
| जन्म की तारीख : | 02/05/2002 (दो मई, दो हज़ार दो) |
| जन्म स्थान : | कदमपूज़ा अस्पताल |
| पिता का नाम : | जेकब थराकन |
| माता का नाम : | लारा थॉमस |
| पंजीकरण की तारीख : | 02/05/2002 |
| पंजीकरण संख्या : | 815/02 |

दिनांक 05.08.02 जारीकर्ता के हस्ताक्षर



© NCERT not to be republished

1) 2/5/2002 से पता चलता है कि बिन्सी का जन्म 2 ____________ को वर्ष 2002 में हुआ था।

2) बिन्सी 2 मई 2008 को कितने साल की हो जाएगी? ____________

3) वह 2052 में कितने साल की हो जाएगी? ____________

4) वह किस तारीख को आठ साल की हो जाएगी? संख्याओं में लिखो।

____________



2019-2020

5) बिन्सी 2 अगस्त 2002 को कितने महीने की थी? ______________

6) अब बिन्सी कितने साल की है? ______________

7) उसके जन्म लेने के कितने महीने बाद उसका जन्म प्रमाणपत्र जारी हुआ?

______________

8) उसके जन्म प्रमाणपत्र की पंजीकरण संख्या क्या है? ________

**पता करो**

तुम्हारा जन्म कब हुआ? ____________

अपने जन्म की तारीख को संख्याओं में लिखो। ___________

क्या तुम्हारे पास भी जन्म प्रमाणपत्र है? अपने बड़ों से पूछो और अपने लिए एक प्रमाणपत्र बनाओ।

फ़ार्म न. ___

__________ सरकार

जन्म प्रमाणपत्र

यह प्रमाणित किया जाता है कि यह सूचना जन्म के मूल रिकार्ड से ली गई है, जो कि __________ वर्ष के ______________________ के रजिस्टर में दर्ज है।

नाम :

लिंग :

जन्म की तारीख :

जन्म स्थान :

पिता का नाम :

माता का नाम :

पंजीकरण की तारीख :

पंजीकरण संख्या :

दिनांक

जारीकर्ता के हस्ताक्षर

© NCERT not to be republished

# कैलेंडर 2018

**जनवरी**

| र | स | म | बु | बृ | शु | श |
|---|---|---|---|---|---|---|
| | 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 |
| 7 | 8 | 9 | 10 | 11 | 12 | 13 |
| 14 | 15 | 16 | 17 | 18 | 19 | 20 |
| 21 | 22 | 23 | 24 | 25 | 26 | 27 |
| 28 | 29 | 30 | 31 | | | |

**फरवरी**

| र | स | म | बु | बृ | शु | श |
|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | 1 | 2 | 3 |
| 4 | 5 | 6 | 7 | 8 | 9 | 10 |
| 11 | 12 | 13 | 14 | 15 | 16 | 17 |
| 18 | 19 | 20 | 21 | 22 | 23 | 24 |
| 25 | 26 | 27 | 28 | | | |

**मार्च**

| र | स | म | बु | बृ | शु | श |
|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | 1 | 2 | 3 |
| 4 | 5 | 6 | 7 | 8 | 9 | 10 |
| 11 | 12 | 13 | 14 | 15 | 16 | 17 |
| 18 | 19 | 20 | 21 | 22 | 23 | 24 |
| 25 | 26 | 27 | 28 | 29 | 30 | 31 |

**अप्रैल**

| र | स | म | बु | बृ | शु | श |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 |
| 8 | 9 | 10 | 11 | 12 | 13 | 14 |
| 15 | 16 | 17 | 18 | 19 | 20 | 21 |
| 22 | 23 | 24 | 25 | 26 | 27 | 28 |
| 29 | 30 | | | | | |

**मई**

| र | स | म | बु | बृ | शु | श |
|---|---|---|---|---|---|---|
| | | 1 | 2 | 3 | 4 | 5 |
| 6 | 7 | 8 | 9 | 10 | 11 | 12 |
| 13 | 14 | 15 | 16 | 17 | 18 | 19 |
| 20 | 21 | 22 | 23 | 24 | 25 | 26 |
| 27 | 28 | 29 | 30 | 31 | | |

**जून**

| र | स | म | बु | बृ | शु | श |
|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | | 1 | 2 |
| 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 | 9 |
| 10 | 11 | 12 | 13 | 14 | 15 | 16 |
| 17 | 18 | 19 | 20 | 21 | 22 | 23 |
| 24 | 25 | 26 | 27 | 28 | 29 | 30 |

**जुलाई**

| र | स | म | बु | बृ | शु | श |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 |
| 8 | 9 | 10 | 11 | 12 | 13 | 14 |
| 15 | 16 | 17 | 18 | 19 | 20 | 21 |
| 22 | 23 | 24 | 25 | 26 | 27 | 28 |
| 29 | 30 | 31 | | | | |

**अगस्त**

| र | स | म | बु | बृ | शु | श |
|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | 1 | 2 | 3 | 4 |
| 5 | 6 | 7 | 8 | 9 | 10 | 11 |
| 12 | 13 | 14 | 15 | 16 | 17 | 18 |
| 19 | 20 | 21 | 22 | 23 | 24 | 25 |
| 26 | 27 | 28 | 29 | 30 | 31 | |

**सितम्बर**

| र | स | म | बु | बृ | शु | श |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 30 | | | | | | 1 |
| 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 |
| 9 | 10 | 11 | 12 | 13 | 14 | 15 |
| 16 | 17 | 18 | 19 | 20 | 21 | 22 |
| 23 | 24 | 25 | 26 | 27 | 28 | 29 |

**अक्तूबर**

| र | स | म | बु | बृ | शु | श |
|---|---|---|---|---|---|---|
| | 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 |
| 7 | 8 | 9 | 10 | 11 | 12 | 13 |
| 14 | 15 | 16 | 17 | 18 | 19 | 20 |
| 21 | 22 | 23 | 24 | 25 | 26 | 27 |
| 28 | 29 | 30 | 31 | | | |

**नवम्बर**

| र | स | म | बु | बृ | शु | श |
|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | 1 | 2 | 3 |
| 4 | 5 | 6 | 7 | 8 | 9 | 10 |
| 11 | 12 | 13 | 14 | 15 | 16 | 17 |
| 18 | 19 | 20 | 21 | 22 | 23 | 24 |
| 25 | 26 | 27 | 28 | 29 | 30 | |

**दिसम्बर**

| र | स | म | बु | बृ | शु | श |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 30 | 31 | | | | | 1 |
| 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 |
| 9 | 10 | 11 | 12 | 13 | 14 | 15 |
| 16 | 17 | 18 | 19 | 20 | 21 | 22 |
| 23 | 24 | 25 | 26 | 27 | 28 | 29 |

© NCERT not to be republished

## कैलेंडर

चलो 2018 का कैलेंडर देखते हैं।

- एक साल में कितने महीने होते हैं? ____________
- उन महीनों की सूची बनाओ जिनमें 30 दिन होते हैं। ____________
- उन महीनों की सूची बनाओ जिनमें 31 दिन होते हैं। ____________
- फ़रवरी के महीने में कितने दिन होते हैं? ____________
- एक सप्ताह में कितने दिन होते हैं? ____________
- जुलाई में कितने सप्ताह हैं? ____________ क्या यह सभी महीनों के लिए सही है? ____________
- कौन से महीने में तुम कक्षा 3 में आए थे?
- इस कैलेंडर में नीचे दी गई तारीखों पर एक घेरा बनाओ।

  26 जनवरी

  14 नवंबर

  31 दिसंबर



क्या इन तारीखों में कुछ खास है?

खाली जगहों में ठीक-ठीक साल भरो:

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| 2017 | 2020 | 2019 | 2016 | 2021 | 2022 |

1. दो साल पहले कौन-सा साल था? ____________
2. कौन-से साल में तुम कक्षा 2 में थे? ____________
3. कौन-सा साल अगला साल होगा? ____________
4. कौन-सा साल तीन साल बाद आएगा? ____________

यह अध्याय छात्रों को समझने के लिए प्रोत्साहित करता है कि विभिन्न सांस्कृतिक संदर्भों से वे अपनी ज़िंदगी में समय के गुज़रने को कैसे देखते हैं। यह आवश्यक है कि उनमें सेकेंड, मिनट, घंटों, महीनों आदि का अंदाज़ा लगाने की क्षमता विकसित हो बजाए इसके कि वे समय मापने की यांत्रिक प्रक्रिया में पड़ें। यह अध्याय बच्चों को कुछ मनोरंजक गतिविधियों के माध्यम से घड़ी और कैलेंडर का इस्तेमाल करना भी बताता है। शिक्षक ऐसे ही कई और अभ्यास करा सकते हैं जो संख्या पैटर्न और समरूपता से जुड़े हों।

© NCERT not to be republished

## कौन-सा त्योहार पहले आता है?

साल भर में मनाए जाने वाले कुछ त्योहार यहाँ दिए गए हैं।
यह पता लगाने के लिए कि 2018 में ये त्योहार किस दिन पड़ेंगे, ज़रा 2018 का कैलेंडर देखो।

| त्योहार के नाम | तारीख | दिन |
|---|---|---|
| दीपावली | 7 नवंबर | |
| पोंगल | 14 जनवरी | |
| रक्षा बन्धन | 26 अगस्त | |
| गांधी जयंती | 2 अक्टूबर | |
| मिलाद-उन-नबी | 21 नवंबर | |
| ओणम | 25 अगस्त | |
| गुरु नानक जयंती | 23 नवंबर | |
| गुरु रविदास जयंती | 31 जनवरी | |
| क्रिसमस | 25 दिसंबर | |
| बिहू | 15 अप्रैल | |

* त्योहारों को उस क्रम में रखो जिस क्रम में वे साल में आते हैं।

1. ____________ 6. ____________
2. ____________ 7. ____________
3. ____________ 8. ____________
4. ____________ 9. ____________
5. ____________ 10. ____________

* कौन-सा त्योहार साल की शुरुआत में आता है?

____________________

* कौन-सा त्योहार साल के अंत में आता है?

____________________

© NCERT not to be republished

## कैलेंडर का जादू

यह रहा फ़रवरी 2019 का कैलेंडर।

चलो कैलेंडर पर एक चौकोर बनाते हैं और कुछ जादू देखते हैं।

**फ़रवरी 2019**

| र | स | म | बु | बृ | शु | श |
|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | | 1 | 2 |
| 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 | 9 |
| 10 | 11 | 12 | 13 | 14 | 15 | 16 |
| 17 | 18 | 19 | 20 | 21 | 22 | 23 |
| 24 | 25 | 26 | 27 | 28 | | |



कौन-सी संख्या इस चौखाने के बीच में हैं?

____________

तीन संख्याओं को एक रेखा बनाकर मिलाओ। यह रेखा ऐसी होनी चाहिए कि यह बीच की संख्या से होते हुए गुज़रे।

| | | |
|---|---|---|
| 5 | 6 | 7 |
| 12 | 13 | 14 |
| 19 | 20 | 21 |

इस तरह की कितनी रेखाएँ खींच सकते हो?

इन सभी रेखाओं पर पड़ने वाली तीन-तीन संख्याओं को जोड़ो।

तुमने क्या देखा?



5 + 13 + 21 =

6 + 13 + 20 =

19 + 13 + 7 =

12 + 13 + 14 =

- अब 2018 के कैलेंडर को देखो। अभी जो महीना चल रहा है उसे भी कैलेंडर में देखो और ऐसा ही एक चौकोर अपनी कॉपी में बनाओ। क्या यह जादू फिर भी काम करता है?

- क्या यह जादू 10 × 10 संख्याओं वाले एक चार्ट पर भी काम करेगा? एक बार फिर से 'संख्याओं के खेल' वाले अध्याय को देखो और इसकी जाँच करो।

© NCERT not to be republished

## कुछ और जादू!

**मार्च 2019**

| र | स | म | बु | बृ | शु | श |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 31 | | | | | 1 | 2 |
| 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 | 9 |
| 10 | 11 | 12 | 13 | 14 | 15 | 16 |
| 17 | 18 | 19 | 20 | 21 | 22 | 23 |
| 24 | 25 | 26 | 27 | 28 | 29 | 30 |

















© NCERT not to be republished

देखो क्या यही जादू उन दूसरी रेखाओं के लिए भी काम करता है जिनमें पाँच संख्याएँ हैं। अगर 5 संख्याओं से गुज़रती एक तिरछी रेखा खींचें और उन संख्याओं को जोड़ें तो क्या होगा? यह जादू दिखाकर अपने परिवार के लोगों और दोस्तों को चौंका दो। क्या तुम्हें इस कैलेंडर में जादू के कुछ और पैटर्न दिख रहे हैं?

## अगस्त 2018 के लिए कैलेंडर को पूरा करो




| रविवार | सोमवार | मंगलवार | बुद्धवार | बृहस्पतिवार | शुक्रवार | शनिवार |
|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | 1 | | 3 | |
| | 6 | | | | | |
| | | | | | | 18 |
| | | | | | 24 | |
| | | | | | | |

इतवार (रविवार) के सभी दिन लाल रंग से रँगो।

यह महीना किस दिन समाप्त होता है? ____________

इस महीने में दिनों की संख्या लिखो। ____________

13 अगस्त को कौन-सा दिन है? ____________

महीने के दूसरे शनिवार को कौन-सी तारीख है? ____________

क्या 21 तारीख को इतवार है? ____________

29 तारीख को कौन-सा दिन है? इसी दिन अगले सप्ताह कौन-सी तारीख होगी?

______________

इस महीने में कितने बृहस्पतिवार हैं? ___________

**पता लगाओ!**

(2018 के) कैलेंडर के किस महीने में 5 इतवार हैं?

क्या ऐसा कोई और भी दिन है जो किसी भी महीने में 5 बार आया है?

क्या एक महीने में 6 इतवार हो सकते हैं? क्यों?

अभी चल रहे महीने के लिए और दूसरे अन्य महीनों के लिए ऐसे ही कुछ प्रश्न पूछें। छात्रों को कैलेंडर के ज़रिए कुछ और पैटर्न ढूँढ़ने के लिए प्रोत्साहित करें।

© NCERT not to be republished

## पेड़की देवी की सच्ची कहानी



### मेरी समय-रेखा

मेरा नाम पेड़की देवी है। मैं धनबाद ज़िले (झारखण्ड) के एक गाँव में रहती हूँ। मुझे कभी भी स्कूल जाने का मौका नहीं मिला। मुझे याद है जब मैं पाँच साल की थी मेरा पैर टूट गया। मैं पेड़ पर जामुन खाने के लिए चढ़ रही थी। लेकिन टहनी टूट गई और मैं गिर गई। अभी भी जाड़े में मेरे पैर में तकलीफ़ होती है।

जब बकरी चराने जाते थे हम अक्सर खेलने लग जाते थे। एक बार जब मैं दस साल की थी मुझे बहुत ज़्यादा डाँट सुननी पड़ी – मुझसे एक बकरी गुम हो गई थी। 15 साल में मेरी शादी हो गई। मेरा पति मुझसे काफ़ी बड़ा था। मेरी शादी के तीन साल बाद मेरी पहली लड़की ने जन्म लिया। बाद में मेरे तीन और बच्चे हुए जब मैं 20, 22 और 24 साल की थी।

उसके बाद समय तेज़ी से गुज़रता चला गया। मैं अपने खेत, घर के काम और बच्चों की देखभाल में लगी हुई थी। पर 35 साल की उम्र में मेरी दुनिया थम-सी गई। मेरा पति बीमार हुआ और मर गया। उसके भाइयों ने हमारे खेत को छीन लेने की काफ़ी कोशिश की। उन्होंने मुझे बुरी तरह मारा और कहा कि मैं डायन हूँ। कुछ भले लोगों ने मुझे बचाया। जिन लोगों ने मुझे मारा था मैंने उनके ख़िलाफ़ एक केस लड़ा। 40 साल की उम्र में मैंने पहली बार पुलिस स्टेशन देखा। जब मैं 45 साल की हुई तब मैंने पढ़ना-लिखना सीखा। दो साल बाद मैंने अपनी सबसे बड़ी बेटी की शादी की। अब मैं 50 साल की हूँ। मैं अपने नाती के साथ खेलना पसंद करती हूँ। मेरे दो बच्चे स्कूल में पढ़ रहे हैं।

© NCERT not to be republished

कुछ चीज़ें जो पेड़की देवी की ज़िंदगी में हुई वे यहाँ नीचे दी गई हैं। इसे उसकी समय रेखा पर बनाओ। उदाहरण के लिए, जब वह पाँच साल की थी पेड़की ने अपना पैर तोड़ लिया। तो हम समय-रेखा पर 5 पर 'क' का निशान लगाएँ।

क) पैर टूट गया

ख) एक बकरी खो दी


ग ) शादी हुई

घ) चौथे बच्चे का जन्म हुआ

ङ) पहली बार पुलिस स्टेशन देखा

च) पढ़ना लिखना सीखा

छ) सबसे बड़ी लड़की की शादी हुई







* समय-रेखा पर बनाओ कि उसका जन्म कब हुआ।
* पैदा होने के तुरंत बाद पेड़की कैसी लगती होगी, उसका चित्र खाली खाने में बनाओ।
* अपनी समय-रेखा बनाओ। अपने आस-पास के लोगों से पूछो और अपनी ज़िंदगी के हर साल में हुई कम से कम एक घटना को लिखो।




* जिन लोगों को तुम पसंद करते हो उनकी समय-रेखा बनाओ। ये लोग तुम्हारे परिवार के लोग, दोस्त या शिक्षक हो सकते हैं।

© NCERT not to be republished


## कुसुम की ज़िंदगी का एक दिन




चलो देखते हैं कि कुसुम हर रोज़ क्या करती है।

हर चित्र के लिए समय को लिखो।

कुछ चित्रों के लिए समय लिखा हुआ है और उसमें तुम्हें घड़ी की सूइयों को बनाना है। जबकि दूसरे चित्रों के लिए घड़ी जो समय दिखा रही है उस समय को लिखना है।



कुसुम सुबह-सुबह उठ जाती है।






वह कुएँ से पानी लाती है।




सुबह साढ़े छः बजे



घर साफ़ करती है।





स्कूल जाती है।



आठ बजे

© NCERT not to be republished




स्कूल में पढ़ती है।





वह स्कूल से वापिस
आती है।



एक बजे
दोपहर को



अपने भाई और दादी के साथ
दोपहर का खाना खाती है।





अपने दोस्तों के साथ
खेलती है।



शाम साढ़े
पाँच बजे



वह सोने से पहले अपनी दादी
से एक कहानी सुनती है।



9 बजे
रात को

© NCERT not to be republished

अब एक चार्ट बनाओ जिसमें तुम लिखो कि तुम सुबह से शाम तक क्या-क्या करते हो।

| *दिन का समय* शब्दों में | *घड़ी में दिखाओ* | *इस समय तुम क्या करते हो?* |
|---|---|---|
|  |  |  |
|  |  |  |
|  |  |  |
|  |  |  |
|  |  |  |
|  |  |  |
|  |  |  |

© NCERT not to be republished